राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने सुप्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ॰ शैबाल गुप्ता के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 28 जनवरी 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने सेन्टर फॉर इकॉनोमिक पॉलिसी एण्ड पब्लिक फाइनेन्स के निदेशक तथा 'आद्री' के सदस्य–सचिव एवं अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति के सुप्रसिद्ध अर्थशास्त्री व राजनीतिक विचारक डॉ॰ शैबाल गुप्ता के निधन पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल श्री चौहान ने कहा है कि अपनी विद्वता और सामाजिक–आर्थिक चिन्तनों से देश और दुनिया भर में बिहार और भारत का नाम रोशन करनेवाले डॉ॰ शैबाल गुप्ता ने बिहार के आर्थिक सुधार तथा सशक्तीकरण की दिशा में भी यथासमय अपने सुझाव देते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। उनके निधन से देश के आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक जगत् को अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत अर्थशास्त्री डॉ॰ गुप्ता की आत्मा को चिरशांति तथा उनके परिजनों को धैर्य–धारण की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....